### सीएम ने किया लोकार्पण, कहा- दक्षिण बिहार जाने में होगी सुविधा

# सिपारा-महुली एलिवेटेड रोड शुरू दो माह में मीठापुर से जुड़ जायेगा

संवाददाता, पटना

**मीठापुर**-महुली एलिवेटेड रोड के बचे हुए काम को अगले दो महीने में पूरा कर लिया जायेगा. सिपारा से आगे यह ऊपरी पुल मीठापुर फलाइओवर में कनेक्ट हो जायेगा. सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना की 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड रोड का लोकार्पण किया. सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज पांच से छह मिनट में पूरी हो जायेगी. साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना आसान हो जायेगा. लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड रोड का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री पुनपुन में रुके और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा.

पढ़ें पेज 02 भी



सिपारा-महुली एलिवेटेड पथ का लोकार्पण करते सीएम नीतीश कुमार.

## सिपारा पुल के ऊपर से होगा निर्माण

मुख्यमंत्री लौटने के क्रम मे सिपारा के पास रुके. इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा. निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी आदि थे.

## इस क्षेत्र से मेरा पुराना लगाव : सीएम

लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपने इस क्षेत्र के विकास के लिए काफी काम किया है. इस पथ के उद्घाटन होने से हमलोग बहुत कम समय में पटना आवागमन कर सकेंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र से मेरा पुराना लगाव है. इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मुझे मौका मिला है. हम हमेशा इस क्षेत्र में आते रहते हैं और यहां की समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हैं. उन्होंने सबलोगों को मिलजुलकर रहने और आगे बढ़ने की अपील की.

## पटना को जाम से मिलेगी राहत

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी. साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जायेगा. मुख्यमंत्री न कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी. इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी.

# मीठापुर-सिपारा एलिवेटेड रोड का माह अंत तक डिजाइन तैयार होगा

**पटना.** मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के पहले फेज में सिपारा से महुली एलिवेटेड रोड का उद्घाटन होने के साथ आवागमन चालू हो गया. साथ ही महुली से पुनपुन तक फोरलेन का उद्घाटन होने से सिपारा से पुनपुन के बीच सफर आसान हो गया. मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के दूसरे फेज में मीठापुर से सिपारा के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण हो रहा है. एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए इस माह के अंत तक डिजाइन तैयार होगा. जानकारों के अनुसार मीठापुर से सिपारा के बीच 2.10 किमी एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 48 स्पैन तैयार किये जा रहे हैं. इनमें 32 स्पैन का काम बाकी है. बीएसआरडीसी के अधिकारियों को मीठापुर से सिपारा के बीच एलिवेटेड रोड को दो माह में तैयार करने का निर्देश मिला है. इसके लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जायेगी. पहले नवंबर तक काम पूरा करने का समय निर्धारित था. मीठापुर से सिपारा के बीच एलिवेटेड रोड तैयार होने से मीठापुर से महुली व पुनपुन होते हुए गयाजी तक आवागमन की सुविधा बेहतर होगी. सिपारा से महुली के बीच एलिवेटेड रोड के उद्घाटन के बाद पुनपुन तक की दूरी लगभग 10 मिनट में पूरी हो रही है. इसके चालू होने से पटना दक्षिण में रहने वाले लाखों लोगों का आवागमन बेहतर हुआ. अन्य क्षेत्रों से भी कनेक्टिविटी बेहतर हुई है.